ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

## मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 26 | अंक 07 विक्रम संवत् 2077-78 जुलाई 2022 | पृष्ठ 34



संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

प्रकाशक

**विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान**

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 26 | अंक 07 विक्रम संवत् 2077-78 जुलाई 2022 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता
देवर्षि कलानाथ शास्त्री
पण्डित अनन्त शर्मा
डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर
प्रो. कैलाश चतुर्वेदी
डॉ. शीला डागा
प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक
श्री सोहन लाल गर्ग
श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक
डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक
डॉ. रामदेव साहू
डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा
तिबोर कोकेनी
श्रीमती अन्या वुकादिन

परामर्श संपादक
कपिल अग्रवाल
मारियो ब्रूमेट

- प्रमुख संरक्षक -
परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी
परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -
भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -
परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -
विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस
श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -
महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **DEVESHWAR DEEP IMPEX PVT. LTD.**, JAIPUR

# अनुक्रमणिका



| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | सत्त्वमौपपादुकम् | प्रो. बनवारी लाल गौड | 8 |
| 4. | ब्रह्माण्डमण्डलपरिज्ञानम् (२) | डॉ. रामदेव साहू | 16 |
| 5. | पथ्यास्वस्ति : एकम् अनुशीलनम् | डॉ. रघुवीरप्रसाद शर्मा | 19 |
| 6. | काव्यलक्षणविमर्शः | डॉ. ललित किशोर शर्मा | 23 |
| 7. | सूर के काव्यों में वात्सल्य रस | नेहा शर्मा | 28 |




विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**

**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2022 का सप्तम अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् प्रो. बनवारीलाल गौड द्वारा लिखित 'सत्त्वमौपपादुकम्' लेख में गर्भस्थ शिशु में प्राण तत्त्व की वैज्ञानिक विवेचना की गयी है। इसी क्रम में डॉ. रामदेव साहू द्वारा लिखित 'ब्रह्माण्डमण्डलपरिज्ञानम्' शोधलेख में वेद विज्ञान में प्रतिपादित ब्रह्माण्ड के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। डॉ. रघुवरीप्रसाद शर्मा द्वारा लिखित 'पथ्यास्वस्ति : एकम् अनुशीलनम्' शोध लेख में व्याकरण एवं भाषाशास्त्र के अनेक विषयों की समीक्षा करते हुए पं. मधुसूदन ओझा के सिद्धान्तों को स्पष्ट किया गया है। डॉ. ललित किशोर शर्मा द्वारा लिखित 'काव्यलक्षणविमर्शः' शोधलेख में विविध आचार्यों के द्वारा प्रतिपादित काव्यलक्षणों की शास्त्रीय मीमांसा प्रस्तुत की गयी है। अन्त में श्रीमती नेहा शर्मा द्वारा लिखित 'सूर के काव्यों में वात्सल्य रस' शोधलेख में भक्ति रस के साथ वात्सल्य रस के स्वरूप की विवेचना की गयी है।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

**5. vṛttayaḥpañcatayyaḥkliṣṭa-akliṣṭāḥ**

vṛtti – Change, modification of consciousness

pañcatayya – Five types

kliṣṭa – painful, tormenting, inhibiting, disturbing, negative (adjective form of kleśa - suffering or cause of suffering, obstacle, disturbance).

akliṣṭa – the opposite of kliṣṭa, favorable, promoting, positive

There are five types of vrittis, which are either obstructive or beneficial.

The number of chitta-vrittis is infinite. Patanjali grouped them into five types or groups. He explains how each vritti can impact us in an unfavourable and harmful or favourable and beneficial way.

KLISHTA means unfavourable in a sense that such vrittis inhibit spiritual development. Klishtavrittis arise through other people, objects, events, impressions, or qualities which present an obstacle to the spiritual path. They arise from ignorance, and they nourish other similar vrittis, which create negative karma and through that bring painful consequences as well as problems and obstacles to spiritual progress.

Patanjali repeatedly warns us to avoid any kind of company, reading, conversation, or thought that can lead us away from our spiritual path. The resulting vrittis nest in the brain like viruses, which can become the cause of a serious disease. Just as cancer cells multiply imperceptibly at first, and by the time they are discovered, an entire organ is already infected by the deadly tumour, in the same way gets multiplied each negative thought that penetrated deep into the subconscious mind, and it can finally become so overpowering that it escapes any kind control.

Suppose someone reports something detrimental about a friend or about yoga. At first you push the thought away: "No, I can't believe that." But the thought comes back and settles in, doubts arise, and you may end up leaving the friend or the yoga group.

The opposite of this is AKLISHTA VRITTIS, the thoughts, impressions, sensations, influences, and actions that are beneficial for spiritual development. Through them positive karma is generated. Positive qualities such as understanding, kindness, and readiness to help, can dissolve negative imprints and vibrations and remove obstacles on the spiritual path.

A central and important principle for every spiritual aspirant is VAIRĀGYA. It means renunciation, non-attachment, detachment from worldly desire. Aklishtavrittis awaken vairāgya and bring us closer to the spiritual goal.

Always awaken and nurture uplifting and nurturing thoughts and feelings in your consciousness, and with their help dissolve the “negative" klishtavrittis that penetrate from outside or rise from the subconscious. The next step is to gain control over the "positive" aklishtavrittis as well, and to anchor the consciousness in the true Self (see sūtra 3).

These are the two aspects of each vritti: klishta - not beneficial and aklishta - beneficial for spiritual development and the yoga path.

I would like to pre-empt a possible misunderstanding here. By "yoga" it does not mean a particular doctrine, religion, dogma, or exercise technique. Yoga is not a religion - rather, yoga is the root of all religions. Yoga means union and signifies the merging of the individual self (jīvātma) with the cosmic self (Paramātma). Every path, every technique or practice, every belief and prayer, whereby God-realization can be achieved, is yoga.

"Yoga" is that moment when human consciousness meets divine consciousness. The light of realization that arises in this connection is the so-called "enlightenment" experienced by the aspirant. Yoga path is any path that leads to the unity of the individual with the true self and the realization of reality.

Now follows the description of the five types of vrittis.

**6. pramāṇa-viparyaya-vikalpa-nidrā-smṛtayaḥ**

The five types of vrittis are:

–pramāna – valid knowledge, correct knowledge (derived from: proven)

– viparyaya – erroneous perception, error (derived from: inverted, wrong)

– vikalpa– imagination (derived from: alternative, possible, optional)

– nidrā – sleep

- smriti – memory

PRAMĀNA refers to knowledge acquired through observation and experience or from reliable sources. For example, we have seen an event with our own eyes, or we sawevidence of it in the form of a photo or video, this is a pramānavritti.

It should be noted that Patanjali only ever speaks of vrittis, that is, of appearances and ideas within our space of consciousness, and not about reality itself!

The opposite of pramānavrittis are VIPARYAYA VRITTIS: errors and mistakes that arise from wrong or inaccurate observation, from misunderstandings or wrong conclusions.

VIKALPA VRITTIS are restless, wavering thoughts. Like a monkey jumping from branch to branch, tasting this fruit and that, and never sits still, our mind never comes to rest and constantly changes opinions and moods. The opposite of vikalpa is sankalpa - a firm resolution, a clear decision that is consistently maintained.

NIDRĀ, sleep, is also called a vritti by Patanjali. How is this to be understood? When we wake up from a deep, dreamless sleep, we spontaneously think: "Today I had truly good and deep sleep." How do we know this or who is it that has observed this? The ātma is the observer who transmits this knowledge to us. For Patanjali sleep is also only a modification of consciousness.

SMRITI, the fifth type of vrittis, are memories - not just the conscious memories, but also the memories of the past experiences from this life and previous existences that lie in the unconscious and subconscious. We may be able to close our eyes and ears to external impressions, but we cannot close the door of the subconscious. The imprints in the subconscious define the life stronger than conscious sensations.

Some people or institutes offer "regressions", to make memories of past lives conscious. I am not of the opinion that this is useful and helpful. It may uncover some of the causes of present problems, but it may also be the cause of stronger problems and even mental confusion. Therefore, such attempts should always be considered with great caution.

It is different when spontaneously, in deep meditation, memories from previous lives rise and with the technique of self-inquiry these can then be objectively observed, examined, and finally resolved.

Memories do not have to be bad at all. Everybody has had also happy and beautiful times. Don't think badly about your past, and don't be worried about the future.

Do not be shaken by emotions. Always remain confident. You are ātma - be like the ocean where deep down it is totally by the waves on the surface.

In the following sūtras, Patanjali explains in detail each type of vrittis.

# सत्त्वमौपपादुकम्

**प्रो. बनवारी लाल गौड**
पूर्व-कुलपति
डा.एस.आर.राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर

सुश्रुत के मतानुसार अव्यक्त से सर्ग (सृष्टि, उत्पत्ति) होता है,जो एक के बाद एक अपने पूर्ववर्ती तत्त्व से उत्पन्न होता है। चतुर्विंशति तत्त्वों के संयोगस्वरूपक समूह से जब पुरुष (आत्मा) संयुक्त होता है, तो इस में चैतन्य प्रकट होता है। यहाँ प्रश्न यह उठता है कि गर्भ में यह चैतन्य कब प्रकट होता है।आधुनिक वैज्ञानिकों का मानना है कि गर्भ में चैतन्य की उत्पत्ति 40 से 48 दिन में होती है। इस सम्बन्ध में आयुर्वेदीय दृष्टिकोण से पुनः अनुसन्धान अपेक्षित है,क्योंकि आचार्य सुश्रुत का यह मानना है कि शुक्र-शोणितसंयोग के साथ ही दैवसंयोग (पूर्वजन्मकृत शुभाशुभ कर्म के संयोग) के कारण सत्त्वादि अनेक भावों से अभिप्रेरित होता हुआ वह क्षेत्रज्ञ (जीवात्मा) गर्भाशय में प्रविष्ट हो कर अवस्थित हो जाता है ।

यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है, कि शुक्र-शोणितसंयोग के साथ ही जीवात्मा गर्भाशय में प्रविष्ट हो जाता है, जीवात्मा के इस प्रवेश में दैवसंयोग को प्रमुख हेतु माना है। इस से यह भी संकेतित है, कि सूक्ष्मशरीर शुक्र-शोणितसंयोग के साथ ही गर्भाशय में प्रविष्ट हो कर संस्थित हो जाता है।क्योंकि शुभाशुभ कर्मस्वरूपक दैव उसी सूक्ष्मशरीर में सुरक्षित रहता है।

चरकसंहिता के शारीरस्थान के द्वितीय अध्याय में आचार्य चरक का संकेत भी इसी ओर है, आचार्य स्पष्ट करते हुये कहते हैं कि-

**भूतैश्चतुर्भिः सहितः सुसूक्ष्मैर्मनोजवो देहमुपैति देहात् ।**

**कर्मात्मकत्वान्न तु तस्य दृश्यं दिव्यं विना दर्शनमस्ति रूपम् ।।** [1]

अर्थात् वह (आत्मा) कर्म के अनुसार अत्यन्त सूक्ष्म चारों (पृथ्वी, जल, तेज, वायु) भूतों के साथ मन के संयोग से (आत्मा) मृतदेह से नूतन देह में जाता है। दिव्यदृष्टि के बिना उस (आत्मा) का रूप दृष्टिगोचर नहीं होता।

चक्रपाणि इसे स्पष्ट करते हुये कहते हैं -

मनसा जवते गच्छतीति मनोजवः। एतेन चात्मनो व्यापकस्य यद्यपि देहान्तरगतिर्नास्ति, तथाऽप्यस्य मनोगतिरेव भूतसहिता गतिशब्देनोच्यत इति दर्शितं भवति। देहादिति म्रियमाणदेहात्। देहमिति उत्पद्यमानदेहम्। कर्मात्मकत्वादिति कर्माधीनत्वात्। तेन, कर्म धर्माधर्मरूपं यत्रैनं भोगार्थं नयति, तदेव देहमयं यातीत्युक्तं भवति।[2]

अर्थात् 'सुसूक्ष्मैः' इस वचन से अतीन्द्रियता को प्रदर्शित करते हैं। यहाँ अक्रिय (निष्क्रिय) होने से दूसरे शरीर में गमनकर्म में आकाश का कथन नहीं किया गया है। 'मनोजवः' का तात्पर्य है - मनसा जवते गच्छति इति (जो मनस् से जाता है, वह 'मनोजवः' होता है)। और इससे व्यापक आत्मा का यद्यपि दूसरे देह में गमन नहीं होता, तथापि इसकी भूतसहित मनोगति (मनस् की गति) का ही गति शब्द द्वारा कथन किया जाता है। 'देहाद्' इसका अभिप्राय है - 'मरते हुए शरीर से'। 'देहम्' इसका तात्पर्य है - 'उत्पन्न होते हुए शरीर में'। 'कर्मात्मकत्वात्' अर्थात् 'कर्माधीन होने से'। इससे धर्म-अधर्म रूप कर्म जहाँ इस (आत्मा) को भोग के लिए ले जाता है, यह (आत्मा) उसी देह को प्राप्त करता है। यह कथित होता है।

व्याख्याकार चक्रपाणि इसे स्पष्ट करते हुये महर्षि के वचनानुसार कहते हैं -

मरते हुए पुरुष से जाता हुआ यह (आत्मा) क्यों नहीं देखा जा सकता, यह बताते हैं कि--- आतिवाहिक (सूक्ष्मशरीर) युक्त इस आत्मा का रूप अतिसूक्ष्म होने से दृश्य (देखे जाने योग्य) नहीं है, यह भाव है। अब क्या सभी (लोग) गमन करते हुए इस आत्मा को नहीं देख सकते हैं, यहाँ कहते हैं - दिव्यं विना दर्शनमिति।

इस के आगे भी आचार्य चरक विषय को अधिक स्पष्ट करते हुए कहते हैं -

वह (आत्मा) सर्वग (सभी जड़-चेतन शरीर में गमन करने वाला) है, वह (आत्मा) सभी शरीरों का धारण-पोषण करने वाला तथा वह (आत्मा) विश्वकर्मा (सम्पूर्ण संसार उसी का कार्य) है, वह व्यापक रूपवाला है, वह ही चेतना धातुरूप है, और अतीन्द्रिय है, और वह नित्ययुक् (मन आदि ज्ञानेन्द्रियों से सदैव युक्त रहता) है। वह ही अनुशय (राग, द्वेष आदि से युक्त) है।।[3]

महर्षि चरक और महर्षि सुश्रुत के वचनों से यह स्पष्ट प्रतिभासित होता है, कि गर्भ में आत्मा का प्रवेश शुक्र-शोणित के संयोग के समय ही हो जाता है। लेकिन उस आत्मा के प्रवेश की प्रक्रिया को दिव्य चक्षु के विना नहीं देखा जा सकता है (दिव्यं विना दर्शनमस्ति रूपम् -चरक)। प्राचीन काल में दिव्य चक्षुओं की स्थिति योगियों में होती थी। वर्तमान काल में इस तरह के उपकरण एवं प्रक्रियायें आविष्कृत हो चुकी हैं, कि इस सम्बन्ध में अनुसन्धानात्मक प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सकती है।

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि सूक्ष्मशरीर या आतिवाहिक शरीर शुक्र-शोणितसंयोग के साथ ही गर्भाशय में प्रविष्ट हो कर संस्थित हो जाता है। गर्भोत्पत्ति-प्रक्रिया में यह जान लेना परमावश्यक है कि सूक्ष्मशरीर या आतिवाहिक शरीर क्या है?

वस्तुतः ये दर्शनानुमत पारिभाषिक संज्ञायें हैं, जिन में दार्शनिकों ने आध्यात्मिक दृष्टि से सूक्ष्मशरीर या आतिवाहिक शरीर को परिभाषित किया है। इस क्रम में सब से पहले सांख्यकारिका में निर्दिष्ट एतद्विषयक विचारों को उल्लिखित करना अपेक्षित है, यथा--

**पूर्वोत्पन्नमसक्तं नियतं मह्दादिसूक्ष्मपर्यन्तम् ।**

**संसरति निरुपभोगं भावैरधिवासितं लिङ्गम् ।।**[4]

इस का तात्पर्य यह है कि पूर्वोत्पन्न अर्थात् सर्ग (सृष्टि की उत्पत्ति) के पहले प्रकृति के द्वारा प्रति पुरुष(जीवात्मा) के साथ एक एक के लिये (सूक्ष्म शरीर) उत्पादित है असक्त अर्थात् जिस की गति बाधित नहीं है (जो कहीं भी किसी के साथ भी जुड़ सकता है) तथा नियत (निश्चित) है अर्थात् सृष्टि से ले कर महाप्रलय तक जिसका क्रम चलता रहता है (जो स्थायी है) एवं महद् से ले कर सूक्ष्मपर्यन्त (महान्,अहङ्कार,एकादश इन्द्रियाँ,पाँच तन्मात्रायें =18 तत्त्व) इन का समुदाय ही सूक्ष्मशरीर है, यह निरुपभोग है (उपभोग करने वाला नहीं होता, स्थूलशरीररहित है), धर्म-अधर्म आदि भावों (धर्म-अधर्म, ज्ञान-अज्ञान, वैराग्य-अवैराग्य,ऐश्वर्य-अनैश्वर्य= 8 भावों) से अधिवासित है (उनके प्रभाव से प्रभावित है) तथा लयशील है ऐसा यह सूक्ष्मशरीर (महदादि 18 तत्त्वमय सूक्ष्मशरीर) संसरण करता है अर्थात् स्थूल शरीर को धारण करता है (संसार में जन्म लेता है)और छोड़ता है,(जन्म-मृत्यु के माध्यम से गमनागमन की प्रक्रिया में संलग्न रहता है)। (वेदान्त में लिङ्ग सूक्ष्मशरीर को ही माना है, वे इस में 17 तत्त्व ही मानते हैं, अहङ्कार की गणना इस में नहीं करते )।

आचार्य चरक ने इसी तरह के भावों को अभिव्यक्त करते हुए ही 'भूतैश्चतुर्भिः' से इसी आशय को स्पष्ट किया है। इससे आगे आचार्य चरक 'रूपाद्धि रूपप्रभवः प्रसिद्धः' में जो कुछ कहते हैं, उसे स्पष्ट करते हुए चक्रपाणि कहते हैं, कि 'यहाँ रूप (रूपम्) भौतिक शरीर है, जो अभौतिक शरीर से अर्थात् आतिवाहिक या सूक्ष्म शरीर से (रूपात्) उत्पन्न होता है।'

सांख्यकारिका में इस विषय को स्पष्ट करते हुए कहा गया है-

**तस्मात्तत्संयोगादचेतनं चेतनावदिव लिङ्गम् ।**

**गुणकर्तृत्वेऽपि तथा कर्तेव भवत्युदासीनः ।।**[5]

अर्थात् इसलिये उस के (चैतन्य आत्मा के) संयोग से यह अचेतन लिङ्ग (महदादि 18 तत्त्वों वाला सूक्ष्मशरीर) चेतनावान् की तरह होता है,इस के साथ ही गुणों(सत्त्वादि गुणों, मन)में कर्तृत्व होते हुए भी उदासीन (आत्मा) कर्ता की तरह प्रतीत होता है।।

चरकसंहिता में इस विषय को और भी अधिक स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया गया है, यथा-

**अचेतनं क्रियावच्च मनश्चेतयिता परः।**

**युक्तस्य मनसा तस्य निर्दिश्यन्ते विभोः क्रियाः।।**

**चेतनावान् यतश्चात्मा ततः कर्ता निरुच्यते।**

**अचेतनत्वाच्च मनः क्रियावदपि नोच्यते।।**[6]

अर्थात् पर आत्मा चेतयिता (चेतना देने वाला है) किन्तु साक्षात् रूप से क्रियावान् नहीं है, मन से संयुक्त उस विभु की (सर्व व्यापक आत्मा की, जो कि स्थूल शरीर में आबद्ध है, उसकी) क्रियायें कही जाती हैं। क्योंकि आत्मा चेतनावान् है, अतः उसे कर्ता कहा जाता हैं (जबकि वास्तव में उस में कर्तृत्व है ही नहीं),मन अचेतन है अतः क्रियावान् होते हुये भी अचेतन होने के कारण उसे कर्ता नहीं कहा जाता है।

यहाँ यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि कुछ विद्वान् लिङ्गशरीर एवं सूक्ष्मशरीर को एक ही मानते हैं, पर सांख्य ऐसा नहीं मानते हैं। लिङ्ग निरुपभोग है,इसे जब तक अधिष्ठान नहीं मिलता तब तक यह भोग नहीं कर सकता। यह लिङ्ग सूक्ष्मशरीर नहीं है पर सूक्ष्मशरीराश्रित है तथा ब्रह्माण्ड में रहने के कारण बाह्यशरीर से भी संयुक्त है 'महदादेः

सूक्ष्मशरीराश्रितस्य लिङ्गस्य यथासंस्कारं बाह्यशरीरेण सम्बन्धः' यह पहले सूक्ष्मशरीर के साथ संयुक्त होता है, उसके बाद उसके साथ ही स्थूल शरीर के साथ संयुक्त हो कर भोग करता है, इसीलिये दार्शनिक लोग स्थूल शरीर को लिङ्गायतन भी कहते हैं। अतः यह स्पष्ट है कि लिङ्गशरीर और सूक्ष्मशरीर दोनों पृथक् पृथक् हैं।लेकिन ये एक दूसरे से इतने अधिक जुड़े हुये हैं, कि इन में अन्तर करना मुश्किल हो जाता है।केवल भोगकालीन स्थिति ही इनके अन्तर का एकमात्र आधार है अन्यथा इनमें कोई भेद नहीं है। वेदान्त में लिङ्ग सूक्ष्मशरीर को ही माना है ।

इसके अतिरिक्त दार्शनिकों ने एक आतिवाहिक शरीर का स्वरूप भी निर्दिष्ट किया है, यह एक विशेष स्थिति है जिसमें स्थूलशरीर के त्याग (मरण) एवं भोगदेह की प्राप्ति के बीच के समय में जीव आतिवाहिक शरीर के रूप में स्थित रहता है। इस काल में यह आतिवाहिक शरीर पूर्व में स्थूल शरीर के द्वारा किये गये शुभाशुभ कर्मों के फल को स्वर्ग-नरक के रूप में भोगता है। भोग की अवधि पूर्ण होने के बाद यह पुनः स्थूल शरीर के ग्रहण के प्रति उन्मुख हो जाता है।

आयुर्वेदज्ञ महर्षियों ने आत्मा एवं मनःसम्बन्धी विवरण विस्तृत रूप से तर्कसहित प्रस्तुत किया है, जिसमें अनेक प्रचलित दर्शनों के विचार भी ऊहापोहपूर्वक समुचित विश्लेषण के बाद समाहित हैं। चरकसंहिता में गर्भोत्पत्ति की प्रक्रिया में एक अत्यन्त ही उलझा हुआ प्रसंग है, जिसमें गर्भ को मातृज, पितृज, आत्मज, सात्म्यज एवं रसज स्वरूप में समुदायात्मककारणत्व से समुत्पन्न माना है। साथ ही मन का औपपादुक (आत्मा का दूसरे शरीर से सम्बन्ध कराने वाला) माना है।

इस क्रम में आचार्य चरक का वह प्रसङ्ग उल्लेखनीय है जिसमें उन्होंने गर्भ में मनस् के संयोग या अभिसम्बन्ध(सम्पर्क) की प्रक्रिया को दार्शनिक भावों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। वे कहते हैं कि --

अस्ति खलुसत्त्वमौपपादुकं। यज्जीवं स्पृक्शरीरेणाभिसंबध्नाति, यस्मिन्नपगमनपुरस्कृते शीलमस्य व्यावर्तते, भक्तिर्विपर्यस्यते, सर्वेन्द्रियाण्युपतप्यन्ते, बलं हीयते, व्याधय आप्याय्यन्ते, यस्माद्धीनः प्राणात्र् जहाति, यदिन्द्रियाणामभिग्राहकं च 'मन' इत्यभिधीयते ।[7]

अर्थात् मन निश्चितरूपेण औपपादुक (आत्मा का अथवा स्वयं का दूसरे शरीर से सम्बन्ध कराने वाला) है, जो जीव को स्पृक् (आत्मा से सम्पृक्त) शरीर से संबद्ध करता है। जिसके अन्य शरीर में गमनोन्मुख होने पर इसका स्वभाव परिवर्तित हो जाता है। भक्ति (निष्ठा, स्नेह) में वैपरीत्य उत्पन्न होता है, सम्पूर्ण इन्द्रियाँ उपतप्त होती हैं, बल

क्षीण होता है। व्याधियाँ बढ़ जाती हैं, जिससे (मन से) रहित हो जाने पर वह प्राणी प्राणों को छोड़ देता है। और जो सभी इन्द्रियों का अभिग्राहक अपने अपने विषयों को ग्रहण कराने के लिए (अभिप्रेरक) है, इसे मन कहते हैं, यह तीन प्रकार का कहा जाता है -

शुद्ध, राजस व तामस। निस्सन्देह इन तीनों में से जिससे मन का अधिकतम संपर्क रहता है, उसी से द्वितीय जन्म में भी सम्बन्ध बना रहता है, जब तो यह मन उसी शुद्ध से ही (द्वितीय जन्म में भी) संयोग करता है तब वह जन्म के अतिक्रमण हो जाने पर भी उसका पूर्व जन्म में जिस योनि में रहा होता है, उसका स्मरण करने में सक्षम होता है। निस्सन्देह स्मरणजन्य ज्ञान का अनुवर्तन (वैसा ही ज्ञान होना) उसी आत्मा का, उसी मन से द्वितीय जन्म में संयोग होने से होता है। इसी अनुवृत्ति के कारण जातिस्मर(जिसको पूर्वजन्म की बातें याद रहती हैं) यह कहा जाता है।[8]

इसका तात्पर्य यह है कि यह औपपादुकत्व मनःसहित आत्मा का स्वरूप है। महर्षि चरक के उपर्युक्त वचनों की व्याख्या करते हुये व्याख्याकार चक्रपाणि इसे सरलीकृत रूप में प्रस्तुत करते हुए कहते हैं -

अस्ति इत्यादि कथन के द्वारा मन की आक्षिप्त औपपादुकता (मन या आत्मा का दूसरे शरीर से सम्बन्ध कराने के भाव) का समाधान करते हुये आचार्य चरक कहते हैं कि -'यज्जीवं स्पृक्शरीरेणाभिसम्बध्नाति' इत्यादि।अर्थात् जीव नित्य आत्मा का स्पर्श करता है, अतः 'स्पृक्' है, 'शरीरम्' अर्थात् आतिवाहिक शरीर (सूक्ष्मशरीर), उस कारणभूत स्पृक्शरीर (सूक्ष्मशरीर) से आत्मरूप जीव भोगायतन शरीर(स्थूलशरीर) से जुड़ जाता है (अभिसम्बद्ध हो जाता है)। और आतिवाहिक शरीर की सत्ता 'भूतैश्चतुभिः सहितः सुसूक्ष्मैर्मनोजवो देहमुपैति देहात्'[9] अर्थात् अत्यन्त सूक्ष्म चार महाभूतों पृथिवी, जल, तेज (अग्नि) और वायु के साथ वह मनोजव (आत्मा) एक देह से दूसरे देह में (स्वकर्मानुसार) गमन करता है, इस कथन से प्रतिपादित होती है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है, कि यद्यपि सत्त्व (मन) को साक्षात् गर्भ का जनक (उत्पादक) नहीं कहा गया है, तथापि मन का जो उपपादुकत्व (स्वयं का एवं आत्मा का दूसरे शरीर में सम्बन्ध कराने वाला) गर्भ के प्रति है, उससे ही सत्त्व (मन) गर्भजनक प्रतिज्ञात (उद्घोषित) मानना चाहिए। मन का एक देह से दूसरे देह में गमनस्वरूपक जो धर्म है वह भी गर्भोत्पत्ति में अतिरिक्त कारण है।

इसी प्रसङ्ग में चरकोक्त आत्मज प्रसङ्ग का भी यहाँ उल्लेख करना आवश्यक है, क्योंकि आत्मज भावों की उत्पत्ति के क्रम में ही जीव (चैतन्य) की गर्भ से सम्पृक्तता को भी आचार्य ने स्पष्ट कर दिया है,यथा-

आत्मजश्चायं गर्भः। गर्भात्मा ह्यन्तरात्मा यः, 'तं' 'जीव' इत्याचक्षते ...... तस्मान्न जात एवायमजातं गर्भ जनयति, अजातो ह्ययमजातं गर्भ जनयति। स चैव गर्भः कालान्तरेण बालयुवस्थविरभावान् प्राप्नोति, स यस्यां यस्यामवस्थायां वर्तते तस्यां तस्यां जातो भवति, या त्वस्य पुरस्कृता तस्यां जनिष्यमाणश्च, तस्मात् स एव जातश्चाजातश्च युगपद् भवति। यस्मिँश्चैतदुभयं सम्भवति जातत्वं जनिष्यमाणत्वं च स जातो जन्यते, स चैवानागतेष्ववस्थान्तरेष्वजातो जनयत्यात्मनाऽऽत्मानम्।[10]

अर्थात् यह गर्भ आत्मज है (आत्मा से उत्पन्न होता है)। क्योंकि जो गर्भ की आत्मा है वही अन्तरात्मा है, उस को 'जीव' कहते हैं, यह शाश्वत, रोगरहित (अरुक्), अजर, अमर, क्षयरहित, अभेद्य, अच्छेद्य, अलोड्य (क्षोभरहित), विश्वस्वरूप, विश्वकर्मा , अव्यक्त, अनादि, अनिधन (नाशरहित) व अक्षर भी है। वह गर्भाशय में प्रविष्ट होकर शुक्र व शोणित के संयोग में संयुक्त होकर गर्भत्व से अपने आप से अपने आप को (स्वयं को गर्भ रूप में) उत्पन्न करता है। क्योंकि गर्भ में (स्थित जीव की) संज्ञा आत्मा ही है। और आत्मा का अनादि होने के कारण जन्म नहीं होता है। इस प्रकार उत्पन्न हुआ इस प्रकार का जात (पहले से ही उत्पन्न) यह आत्मा अजात गर्भ को उत्पन्न नहीं करता है। अजात (शाश्वत) आत्मा ही निश्चितरूपेण अजात (जो उत्पन्न नहीं हुआ है, ऐसे) गर्भ को उत्पन्न करता है। और यह गर्भ ही बाद में (कालान्तर में) बाल, युवा व स्थविर (वृद्ध) अवस्थाओं को प्राप्त करता है, (इस प्रकार) वह आत्मा जिस-जिस अवस्था में प्राप्त होता है, उस उस अवस्था में उसे जात (उत्पन्न) माना जाता है, और जो उस अवस्था में उत्पन्न होते हुये की इसकी आगे आने वाली अवस्था होती है (वह अजात अवस्था होती है), इसलिए वह एक ही समय में जात व अजात दोनों प्रकार का होता है। जिसमें (जिस आत्मा में) ये दोनों संभव हैं यथा जातत्व व जनिष्यमाणत्व वह (ऐसा आत्मा) जात होकर भी उत्पन्न करता है। वह ही आगे आने वाली अवस्थाओं में अजात होकर भी आत्मा से आत्मा को (स्वयं से स्वयं को) उत्पन्न करता है। विद्यमान होते हुये का भी इसका (सतः अर्थात् विद्यमान का शाश्वत का) उस दूसरी अवस्था में जाने मात्र से ही जन्म होना कहा जाता है, जैसे (जिस प्रकार) शुक्र, शोणित व जीव की स्थिति होने पर भी (सताम् अर्थात् इन सबके विद्यमान होते हुओं के भी) इनके संयोग से पूर्व गर्भ की उत्पत्ति नहीं होती और वह (गर्भोत्पत्ति इन तीनों के) संयोग से होती है, जिस प्रकार उसी पुरुष के विद्यमान होते हुये के भी अपत्य प्राप्ति के पूर्व पितृत्व नहीं होता और वह अपत्योत्पत्ति के बाद प्राप्त हो जाता है उसी प्रकार विद्यमान रहते हुये उसी गर्भ का उस-उस अवस्था में जातत्व और अजातत्व कहा जाता है।

इस सम्पूर्ण प्रसङ्ग से यह स्पष्ट हो जाता है कि शुक्र-शोणित के संयोग के समय ही जीव का प्रवेश होता

है।सम्भव है कि उस प्रविष्ट जीव की अभिव्यक्ति उस समय न होकर बाद में (40-48 दिन के बाद) होती हो, क्योंकि प्रारम्भ में चैतन्यस्वरूप की अवस्थिति के विना वह 40 दिन के बाद भी अभिव्यक्त कैसे होगा। वर्तमान में शरीर से सम्बन्धित एवं आयुर्वेदीय-चिकित्सा से सम्बन्धित अनेक प्रकार के अनुसन्धान हो रहे हैं, जिनसे प्राचीन महर्षियों के द्वारा स्थापित सिद्धान्तों की पुष्टि भी हो रही है। अतः इस नवयुग में गर्भ में आत्मा के प्रवेश से सम्बन्धित अनुसन्धान आयुर्वेदीय दृष्टिकोण को ध्यान में रख कर किया जाना चाहिये। आयुर्वेद का यह भी मानना है कि यह आत्मा मनःसंयुक्त ही प्रवेश करता है। यह मन या सत्त्व औपपादुक (आत्मा का एवं स्वयं का दूसरे शरीर से सम्बन्ध कराने वाला) होता है। ये दोनों ही सूक्ष्मशरीर में संस्थित रहते हैं, अतः प्राचीनोक्त वचनों के अनुसार आत्मा,मन (सत्त्वमौपपादुकम्), लिङ्गशरीर, आतिवाहिक शरीर एवं सूक्ष्मशरीर से सम्बन्धित अनुसन्धान किया जाना अपेक्षित है।

**सन्दर्भ :**

1 चरकसंहिता-शारीरस्थान-2/31
2. चरकसंहिता-शारीरस्थान-2/31 चक्रपाणि
3. चरकसंहिता-शारीरस्थान-2/32
4. सांख्यकारिका - श्लोक 40
5. सांख्यकारिका - श्लोक 20
6. चरकसंहिता-शारीरस्थान- श्लोक 75, 76
7. चरकसंहिता-शारीरस्थान-3/13
8. चरकसंहिता-शारीरस्थान-3/13 चक्रपाणि
9. चरकसंहिता-शारीरस्थान-2/13
10. चरकसंहिता-शारीरस्थान-3/8

# ब्रह्माण्डमण्डलपरिज्ञानम्

**डॉ. रामदेव साहू**
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (वेदविज्ञान)
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर (राज.)

अस्मादेवाधिदैविकात् मण्डलात् आधिभौतिकमण्डलोत्पत्तिर्जायते। आधिभौतिकमण्डलान्तर्गतान्यपि पञ्च मण्डलानिः अभिमतानि - गुहा, आपः, ज्योति, रसः, अमृतं च। गुहा स्वम्भूः। आपः परमेष्ठी। ज्योतिः सूर्यः। रसः पृथ्वी। अमृतं चन्द्रमा। तत्र गुहा विषये प्रोक्तम् - 'त्रीणि पदानि निहिता गुहास्य' इति। विश्वस्य परिच्छिन्नस्वभाववत्त्वात् विश्वोत्पत्तेः पूर्वं स्वयम्भूशक्तिः गुहारूपतां भजते। उक्तञ्च सायणेन -

**'गूहयति संवृणोति परिच्छिनत्ति परमात्मानमिति गुहा माया।'**[1]

इयं गुहा सृष्टेः पूववर्त्तिनि काले तमसा परिव्याप्तिरूपा। तस्यां गुहायामेव विश्वस्योपादानकारणमेकरूपमेकाकृति च गूढं भवति। उक्तञ्चाथर्ववेदे -

**'वेनस्तत्पश्यत्परमं गुहायद् यत्र विश्वं भवत्येकरूपम्।'**[2]

अर्थात् वेनः हिरण्मयपुरुषः स्वसृष्ट्यनन्तरं तत् परमं ब्रह्म पश्यच्चिन्तितवान् यद् यस्य गुहासृष्टिपूर्ववर्त्ती कालो विद्यते, यस्मिन् काले सर्वस्य विश्वस्य कार्यद्रव्यस्य उपादानकारणं सम्भवति। ततो हिरण्मयाण्डोत्पत्तिः सम्भवति। हिरण्मयाण्डोत्पत्तिः अप्सु सम्भवति। हिरण्मयाण्डोत्पत्तेः पूर्वं या आपः वर्तन्ते ता नास्माकं प्रत्यक्षीभूतं सलिलं भवन्त्यपितु एताः सलिलवन्नामाकृतिधारणक्षमाः परमाणव एव तिष्ठन्ति । सार्धर्म्यात् आप इत्युक्तम्। एता व्यापनशीला भवन्ति। वाष्पवत् सर्वासु दिक्षु विस्तारं लभमानाः पदार्था आपः। आप्नुवन्ति व्याप्नुवन्ति वा यास्ता आपः। अत एवोक्तम्-

**'आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः।'**

आदौ जलसृष्टौ कापि युक्ति र्न विद्यते। अतएवात्र प्रसरणशीलाः पदार्थाः आपः स्वीकर्त्तव्याः। एते पदार्थाः पुनश्चेतनाः। तेषां चेतनाधिष्ठितत्वं विना गतिरदर्शनात् तेऽवश्यमेव चेतनताधिष्ठिता इत्यभ्युपेयम्। आभ्य एवअब्भ्यो हिरण्मयाण्डोत्पत्तिः। तद्विषये प्रोक्तम्-

**'आपो अग्रे विश्वमायन् गर्भं दधाना अमृता ऋतज्ञाः।**
**यासु देवेष्वधिदेव आसीत्कस्मै देवाय हविषा विधेम ।।'**[3]

स्मृतिकारो मनुरपि - 'अप एव ससर्जादौ तासु वीर्यमवाकिरत्। तदण्डमभवद् हैमम्' इत्युक्त्वा अण्डरूपे विश्वोत्पत्तिमाचष्टे। अस्य हिरण्मयाण्डस्यैव कालान्तरे जगद्रूपे परिवर्तनं भवतीति महाभारतकारो महर्षिर्वेदव्यासोऽप्युल्लिखति महाभारतेऽनुशासनपर्वणि -

**''अण्डजातं तु ब्रह्माणं केचिदिच्छन्त्यपण्डिताः।**
**अण्डाद् भिन्नाद् बभुः शैला दिशोऽम्भः पृथिवी दिवः।।''**[4]

ज्योतिर्मण्डलं सूर्यात्सम्भवति। सौररश्मिसम्पर्कात् सर्वत्र व्याप्तस्य सोमस्य अभिज्वलनान्निष्पन्नः सौरप्रकाशो मण्डलाकारे तस्मिन् हिरण्मयाण्डे सर्वत्र प्रसृतो भवति, स एव ज्योतिरित्युक्तः। उक्तञ्च ऋग्वेदे-

**''आदित्प्रत्नस्य रेतसो, ज्योतिः पश्यन्ति वासरम्।**
**परो यदिध्यते दिवि ।।''**[5]

अत्रोक्तं प्रत्नं रेतः सोम एव। स एव च दिवः सूर्यमण्डलात्परस्तादपि इध्यते दीप्यते। अनेनैव ज्योतिर्मण्डलेनाहोरात्रं सम्भवति। अहोरात्रं ज्योतिषामेव रूपद्वयम् तत्राहः शुक्लं रात्रिः कृष्णं चेति। उक्तञ्च -

**''शुक्रं ते अन्यद् यजतं ते अन्यद् विषुरूपे अहनी द्यौरिवासि।''**
**विश्वा हि माया अवसि स्वधावो भद्रा ते पूषन्निह रातिरस्तु ।।**[6]

अत्र शुक्रं शुक्लं यजतं कृष्णमिति भाष्ये स्पष्टीकृतम्। कालान्तरे आभ्यामेव शुक्लकृष्णाभ्यां रूपान्तराण्याविर्भूतानि। पदार्थाश्च तान्यादधुः।

पृथ्वीमण्डलं रसः। रसाश्रय इत्यर्थो विज्ञातव्यः। अग्निसोमयोः साहचर्येण रसः पेयजलरूपेण पृथिव्यामेव तिष्ठति, अतएव पृथ्वीमण्डलं रससंज्ञयोक्तम्। तत्राग्निसोमयोरग्नेरेव प्राधान्यम्। नाग्निं विना सोमस्य जलरूपता। अपां गर्भस्थः अग्निरेव पृथिव्या अस्तित्वं रक्षति। अस्य अग्नेः पृथिवीमण्डलीयं महत्त्वमेवमुक्तं यजुर्वेदे-

**''गर्भोअस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम्''**
**गर्भो विश्वस्य भूतस्य अग्ने गर्भो अपामसि।।**[7]

ऋग्वेदेऽपि पार्थिवाग्निबलेनैव पदार्थास्तित्वमुक्तम्। तत्र 'अमृत' शब्देनाग्नेरेव संकेतः। तथा चायं मन्त्रः-

**'गर्भो यो अपां गर्भो वनानां, गर्भश्च स्थातां गर्भश्चरथाम्**

**अद्रौ चिदस्मा अन्तर्दुरोणे, विशां न विश्वो अमृतः स्वाधीः।।'**[8]

एवं सर्वे पदार्था ये लोके विद्यन्ते, ते अग्निरूपा एव। अग्निरेव सर्वेषु पदार्थेषु विद्यमानो यज्ञस्य प्रणेता। तद्वशादेव यथा प्रदीपः प्रकाशं प्रसारयति, वृक्षा लताश्च पुष्पफलानि ददति, तथैव पृथिवी अपि अपां रसमजस्रंसम्प्रददते। अत्र पृथिव्यां अन्न-अन्नाद-भाव एव यज्ञः। स च प्राकृतः। प्रकृत्या सम्पद्यते।

यथा चाग्नेर्वैशिष्ट्यं तथैव रसस्यापि वैशिष्ट्यम। तद्यथा पृथिवीमण्डलस्थं जलम् आदित्यरश्मय उर्ध्वमाकर्षन्ति। तेन सहैव जलसंसक्तः पार्थिवोऽग्निरप्यूर्ध्वमाक्रमते। तस्योर्ध्वगतास्याग्नेरुपरितने भागे वायुसम्पर्कात् तज्जलं शुष्कतामापद्यते। अन्ततस्तु प्रवहत्येव रसोऽजस्रम्। जले सोमस्य प्राधान्य मिति विषयेऽप्युक्तम्-

**'त्वमिमा ओषधीः सोम विश्वास्त्वमपो अजनयस्त्वं गाः।**

**त्वमाततन्थोर्वन्तरिक्षं त्वं ज्योतिषा वि तमो ववर्थ।।'**[9]

अमृतं चन्द्रमण्डलम्। परिशुद्धः सोम एवामृतम् । स च चन्द्रमण्डलेऽवस्थितं भवति। अग्निरहितत्वात् सोमस्य स्थितिरत्र पृथिव्यपेक्षया भिन्ना। चन्द्रः सूर्यमण्डलाज्ज्योतिर्गृहीत्वा आप्यायनरूपिणः स्वधर्मस्य प्रतिष्ठापनमात्मनि विदधाति। पश्चात् स्वाश्रितस्याग्निरहितस्य सोमस्य आप्यायनं कृत्वा पृथ्वीमण्डलस्थाः सर्वा ओषधीः आप्याययति। अतएव चन्द्रमा अयं ओषधीपतिरप्युच्यते। ओषधीषु अमृतत्वमस्यैवाप्यायनस्य परिणामः। तेन अन्न-अन्नादयोर्महदुपकारः सम्भवति।

**सन्दर्भाः**

1. (सायणभाष्य/पृ.162)
2. (अथर्व. - 2/2/2)
3. (अथर्व. )
4. (म.भा./अनु.प./23/153/56)
5. (ऋ.8/9/30)
6. (ऋ. 6/58/1)
7. (शु. यजु. 12/37)
8. (ऋ. 1/7/2)
9. (ऋ. 1/6/23)

# श्री रामानन्द सम्प्रदाय के प्रणेता स्वामी रामानन्द

**अंजना शर्मा**
शोधार्थी
संस्कृत विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

श्रीरामानन्द सम्प्रदाय का अपर नाम 'श्री सम्प्रदाय' है। श्रीरामानन्दीय वैष्णवगण अधिकांशतः अपने नाम के पश्चात् 'श्रीवैष्णव' विशेषण प्रयुक्त करते हैं। श्री जनकपुर धाम स्थित श्रीरामानन्द आश्रम के संस्थापक तथा अनेक ग्रन्थों के रचयिता पं. श्री अवधकिशोर दास जी महाराज अपने नाम के पश्चात् सदा श्री वैष्णव शब्द का प्रयोग करते थे, यद्यपि उनका अपर नाम प्रेमनिधि था। इसी प्रकार अनेक विरक्त एवं सद्गृहस्थ सज्जन भी अपने नाम को 'श्री वैष्णव' विशेषण से सज्जित करते हैं।

'श्री सम्प्रदाय' का विशेष तात्पर्य यह है, कि इस सम्प्रदाय की प्रवर्तिका स्वयं 'श्रीजी' श्री सीता जी हैं।

मंत्र परम्परा में स्पष्ट है कि जगज्जननी श्री जानकी जी ने श्रीराम मंत्र की दीक्षा सर्वप्रथम श्री हनुमान जी को दी थी। तत्पश्चात् ब्रह्मा, वशिष्ठ जी आदि आचार्यों से यह परम्परा अग्रसर हुई इस दृष्टि से भी 'श्रीजी' इस सम्प्रदाय की आदि आचार्या हैं -

**श्रियः श्रीरपि लोकानां दुःखोद्धरण हेतवे,**
**हनूमते ददौ मंत्रड्ढ सदा रामाङ्घ्रिसेविने ।**
**ततस्तु ब्रह्मणा प्राप्तिमुह्यमानेन मायय ।**
**कल्पान्तरे तु रामो वै ब्रह्मणे दत्तवानिमम्॥**

पंचगंगाघाट काशी में जहाँ जगद्गुरु स्वामी श्री रामानन्दाचार्य जी महाराज विराजते थे उस स्थान का नाम ही 'श्रीमठ' है। इसका तात्पर्य यही है, कि श्रीरामानन्द सम्प्रदाय में श्रीजी का लोकोत्तर वैशिष्ट्य है, जिसकी झाँकी इन प्रसंगों में स्पष्ट झलकती है। श्रीमद्वाल्मीकि रामायण का प्रारम्भ जिस प्रकार 'मा निषाद' आदिकाव्य के इस आदि

श्लोक से हुआ है, अर्थात् 'मा-लक्ष्मी' श्री लक्ष्मी जी का अपर नाम ही कोषानुसार लक्ष्मी श्रीसीता है 'इन्दिरा लोकमाता मा क्षीरोदतनया रमा' एतावता श्री लक्ष्मी 'श्री सीता' नाम से ही प्रथम आदिकाव्य विभूषित हुआ है। इसीलिये इसको 'सीतायाश्चरितं महतं' कहने में एक यह भी कारण है

**श्री सीतानाथसमारम्भां रामानन्दार्यमध्यमाम्।**
**अस्मदाचार्यपर्यन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम्।।**

यहाँ भी प्रथम श्री सीता नामोच्चारण कर ही श्रीसीतापति का स्मरण किया गया है। वस्तुतः श्रीजी के पुरुषकारत्व में ही श्रीराघवेन्द्र की कृपाप्राप्ति सम्भव है। इसका निदर्शन करते हुए 'श्री शब्द' की षोढा व्युत्पत्ति कर 'श्री गुण सुधासार लहरी' ग्रन्थ में उल्लिखित है -

**'श्रितास्यन्यैः सर्वैः श्रयसि रमणं संश्रितगिरः।**
**श्रृणोषि प्रेयांसं श्रितजनवचः श्रावयसि च ॥**

**श्रृणास्येतद्दोषाञ्जननि निखिलान्सर्व जगती।**
**गुणैः श्रीणासि त्वं तदिह भवती श्रीरितिविदुः॥**

हे अम्ब ! सम्पूर्ण जगत आपका आश्रयण करता है और आप अपने रमण श्रीराम का आश्रयण करती हैं। आश्रितों के विज्ञापन को सुनती हो तथा अपने प्रियतम भगवान् को आश्रितों की प्रार्थना सुनाती हो। आश्रितों के दोषों का नाश करती हो। समस्त जगत् की अपने गुणों से वृद्धि करती हो-इसी से तत्वदर्शी गण आपको श्री कहते हैं- यही कारण है कि अत्यन्त यशस्वी श्री लक्ष्मण कुमार ने भ्राता श्री राघवेन्द्र के श्रीचरणों को पकड़ कर श्री सीताजी के समक्ष प्रभु से वन में साथ लेजाने की प्रार्थना की -

**स भ्रातुश्चरणौ गाढं निपीड्य रघुनन्दनः।**
**सीतामुवाचातियशा राघवं च महाव्रतम् ।।**

प्रभु श्रीराम ने वन गमन की आज्ञा दे दी और पञ्चवटी पहुँचने पर श्री लक्ष्मण कुमार से कहा जल तथा छाया से परिपूर्ण किसी देश में अपनी सुख-सुविधा के अनुकूल पर्णशाला की रचना करें प्रभु की वाणी सुनते ही शरणागति धर्म

मर्मज्ञ शिरोमणि लक्ष्मण कुमार घबरा गये। उन्होंने भक्ति परवश अनुमान लगाया, कि प्रभु ने मुझे स्वतन्त्र जानकर ऐसी आज्ञा दी है। क्योंकि स्वामी की रुचि के समक्ष सेवक की रुचिपूर्तिसेवा धर्म के विरुद्ध है- 'रमते यत्र वैदेही त्वमहं चैव लक्ष्मण'। इस प्रकार प्रभु के मुखारविन्द से अपने रमण का भी साथ में संकेत सुन कर भयभीत होकर यह निश्चय कर लिया कि प्रभु ने मेरा परित्याग कर दिया, तभी मेरी रुचि और रमण की बात कही है। अतएव भयभीत होकर पुनः श्री किशोरी जी सहित श्री राघवेन्द्र की शरण ग्रहण की -

**एवमुक्तस्तु रामेण लक्ष्मणः संयताञ्जलिः।**
**सीतासमक्षं काकुत्स्थमिदं वचनमब्रवीत् ।।**

इस प्रकार बद्धाञ्जलि होकर प्रार्थना की। तत्पश्चात् पृथ्वी को धारण करने वाले शेषावतार जीवाचार्य होने पर भी श्री सुमित्रानन्दन ने श्री किशोरी जी के पुरुषकारत्व से पुरस्कृत होकर स्वापेक्षित पारतन्त्र्य तथा युगल कैंकर्य को प्राप्त किया। इसी प्रकार असुर प्रकृति के जयन्त ने काकरूप धारण कर जब जगज्जनी का अपराध किया-उस समय भी प्रभु श्रीराम के कोप से भयभीत होकर तीनों लोकों की परिक्रमा कर सर्वत्र भ्रमण कर जब कहीं आश्रय नहीं मिला तब निराश्रय होकर प्रभु की शरण में गया। उस समय श्री किशोरी जी के पुरुषकार के कारण ही प्रभु ने उसकी रक्षा की- 'बधार्हमपि काकुत्स्थ कृपया पर्यपालयत' इस श्लोक में भाष्यकारों के अनुसार कृपया का अर्थ है-'कृपारूपिण्या जानक्या पर्यपालयत्' कृपारूपिणी श्री जानकी जी के द्वारा ही उसकी रक्षा हुई। पद्मपुराण में तो अत्यन्त सुस्पष्ट है- प्राण संकट के कारण काकासुर जयन्त जब प्रभु के श्रीचरणों में उल्टा गिरा, तब श्री सीताजी ने ही उसके मस्तक को- (उस चञ्चुभाग, को जिससे उसने प्रहाररूप जघन्य अपराध किया था, प्रभु के चरणारविन्दों में लगा कर उसकी प्राणरक्षा हेतु प्रार्थना भी की, ऐसी कृपामयी करुणामयी देवी हैं -

**पुरतः पतितं देवी धरण्यां वायसं तदा।**
**तच्छिरः पादयोस्तस्य योजयामास जानकी॥**

**प्राणसंशयमापन्नं दृष्ट्वा सीताथ वायसम्।**
**त्राहि त्राहीति भर्तारमुवाच दयया विभुम्॥**

ऐसे कितने ही उदाहरण हैं- अनेक अपराधी जीवों पर 'श्रीजी' ने स्वयं कृपा-दृष्टि कर श्री राघवेन्द्र सरकार की

कृपा की भी वृष्टि करायी है। इसीलिये 'श्रीसम्प्रदाय' में किसी वर्ण या जाति का बन्धन नहीं है। सभी जीवों का इसमें अधिकार है। श्री सम्प्रदाय अत्यन्त उदार है।

श्रीरामानन्द दिग्विजय में स्वामी श्री भगवदाचार्य जी ने स्पष्ट संकेत किया है कि गुरुदेव श्री राघवानन्द स्वामी जी ने अपने प्रिय शिष्य स्वामी श्री रामानन्द जी को 'श्री सम्प्रदाय' के शत्रुओं को पराजित कर श्रीराममंत्र के प्रचारप्रसार का आदेश दिया था-

**श्री सम्प्रदाय परिपन्थिजनौघसात्या।**
**श्री राममन्त्रमपि भूमितले जनेषु।**

**वत्स प्रचारय भवोद्भव भीतिजालं।**
**विच्छेदनक्षममतिप्रथितप्रभावम् ॥**

साथ ही यह भी कहा, कि श्री सीताजी के साथ ही श्रीराम जी की उपासना श्रेयस्कर है

**राम एव सदोपास्यो रमया सह सर्वदा ।**
**तिरस्कारो न कर्तव्यो देवान्तर इह क्वचित् ॥**

एतावता श्री रामानन्द सम्प्रदाय का अपर नाम श्रीजी के वैशिष्ट्य के कारण ही 'श्री सम्प्रदाय' नाम से भूमितल पर चिरकाल से सुप्रसिद्ध है, जो परम्परा एवं शास्त्रीय दृष्टि से भी सर्वथा उपयुक्त व उचित है।

**सन्दर्भ**

1. सीतोपनिषद् / भूमिकाभागो / पृ. 6
2. आनन्दभाष्य-मंगलाचरण
3. श्रीगुणसुधासारलहरी / पृ. 19
4. सीतोपनिषद् / पृ .22
5. सीतोनिषद् / पृ. 26
6. श्रीरामानन्ददिग्विजय / पृ. 168
7. श्रीरामानन्ददिग्विजय / पृ. 41

# काव्यलक्षणविमर्श:

**डॉ. ललित किशोर शर्मा**
प्राचार्यः सह-आचार्यश्च
श्री दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, सांगानेर, जयपुर

आचार्यभामहस्य काव्यलक्षणतः पण्डितराजजगन्नाथस्य रसगङ्गाधरपर्यन्तं समग्रसाहित्यशास्त्रस्य काव्यलक्षणेषु एवं ज्ञायते यत् साहित्यशास्त्रज्ञैः काव्यस्य लक्षणं पृथक्-पृथग्रूपेण अकारि। तेषु मतद्वयं वर्तेते -

1. शब्दप्रामुख्यपरम्।
2. शब्दार्थोभयप्रामुख्यपरम्।

सर्वप्रथमम् अस्माभिः इह शब्दमाधारीकृत्य काव्यलक्षणानि प्रस्तुतीक्रियन्ते।

1. काव्यादर्शे आचार्यदण्डिना भणितं काव्यलक्षणम् -

**शरीरं तावदिष्टार्थव्यवछिन्ना पदावली** [1]

काव्यस्य मौलिकः आधारः शब्दः एव। शब्दस्य माहात्म्यविषये कथयति आचार्यदण्डी-

**इदमन्धं तमः कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम् ।**

**यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारान्न दीप्यते ॥**[2] इति।

2. आचार्यजयदेवः लिखति चन्द्रालोकग्रन्थे -

**निर्दोषा लक्षणवती सरीतिर्गुणभूषणा ।**

**सालङ्काररसानेकवृत्तिर्वाक्काव्यनामभाक् ॥**[3] इति।

निर्दोषाद्युक्तधर्मविशिष्टं काव्यमिति काव्यलक्षणम्।

3. रसगङ्गाधरकारः पण्डितराजजगन्नाथः ब्रुते -

**रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम्** [4]

का च रमणीयता इत्युच्यते तर्हि -

आह्लादापरपर्यायलोकोत्तरचमत्कारशालित्वमेवार्थनिष्ठं रमणीयत्वम्।

आह्लादस्य अपरं नाम रमणीयता वर्तते।

सम्प्रति शब्दार्थावाधारीकृत्य काव्यलक्षणानि कानि कानि इति विवेचयामः।

1. आचार्यभामहेन प्रोक्तम् -

**शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्।** [5]

2. आचार्यरुद्रटस्य काव्यलक्षणमिदम् -

**शब्दार्थौ काव्यम्।** [6]

3. काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तौ वामनाचार्येण कथितम् -

**काव्यशब्दोऽयं गुणालङ्कारसंस्कृतयोः शब्दार्थयोः वर्तते।**

**काव्यं ग्राह्यमलङ्कारात्** [7]

अलङ्कारादेव काव्यं ग्रह्यं भवतीत्यभिप्रायः।

**सौन्दर्यमलङ्कारः** – अलङ्कारः एव सौन्दर्य वर्तते।

काव्ये सौन्दर्यमिदं कथमायाति इत्युच्यते -

**स दोषगुणालङ्कारहानादानाभ्याम्**

गुणालङ्कारैः सह दोषरहितः शब्दार्थः काव्यम्।

4. वक्रोक्तिजीवितकारः कुन्तकः कथयति काव्यलक्षणम् -

**शब्दार्थौ सहितौ वक्रकविव्यापारशालिनि।**

**बन्धे व्यवस्थितौ काव्यं तद्विदाह्लादकारिणि ॥** [8]

शब्दार्थौ सहितौ काव्यमिति।

5. आचार्यमम्मटभणितलक्षणम् -

**तददोषौ शब्दाऽर्थौ सगुणावनलङ्कृती पुनः क्वाऽपि।**[9]

6. आचार्यवाग्भटेन प्रणीतम् -

**साधुशब्दार्थसन्दर्भं गुणालङ्कारभूषितम् ।**

**स्फुटरीतिरसोपेतं काव्यं कुर्वीत कीर्तये ॥**[10]

7. एकावल्यां विद्याधरेण प्रोक्तम् -

**शब्दार्थवपुस्तावत् काव्यम्**[11]

8. विद्यानाथेन स्वकीये प्रतापरुद्रीयमित्याख्ये ग्रन्थे कथितम् -

**गुणालङ्कारसहितौ शब्दार्थौ दोषवर्जितौ।**

**गद्यपद्योभयमयं काव्यं काव्यविदो विदुः॥**[12]

9. अच्युतरायः साहित्यसारे काव्यलक्षणं उपस्थापयति -

**तत्र निर्दोषशब्दार्थगुणवत्त्वे सति स्फुटम्।**

**गद्यादिबन्धरूपत्वं काव्यसामान्यलक्षणम्॥**[13]

10. धर्मसूरिणा साहित्यरत्नाकारे भणितम् -

**सगुणाऽलङ्कृती काव्यं पदार्थौ दोषवर्जितौ।**[14]

11. कविकण्ठाभरणे आचार्यक्षेमेन्द्रः कथयति -

**काव्यं विशिष्टशब्दार्थसाहित्यसदलङ्कृति।**[15]

12. आचार्यभोजदेवविरचितसरस्वतीकण्ठाभरणे -

**निर्दोषं गुणवत्काव्यमलङ्कारैरलङ्कृतम् ।**

**रसान्वितं कविः कुर्वन्कीर्तिं प्रीतिं च विन्दति ॥** [16]

13. अलङ्कारचन्द्रिकायां न्यायवागीशः कथयति -

**गुणाऽलङ्कारसंयुक्तौ शब्दाऽर्थौ रसभावगौ।**

**नित्यदोषविनिर्मुक्तौ काव्यमित्यभिधीयते ॥** [17]

14. काव्याऽनुशासनकारः प्रस्तौति लक्षणमिदम् -

**शब्दार्थौ निर्दोषौ सगुणौ प्रायः साऽलङ्कारौ काव्यमिति।** [18]

15. आचार्यराजशेखरेण उक्तम् -

**गुणवदलङ्कृतं वाक्यमेव काव्यम्।** [19]

16. आनन्दवर्धनाचार्येण प्रोक्तम् -

**सहृदयहृदयाह्लादिशब्दार्थमयत्वमेव काव्यलक्षणम्।** [20]

17. काव्याऽनुशासनकारहेमचन्द्रस्य मते -

**'अदोषौ सगुणौ साऽलङ्कारौ च शब्दार्थौ काव्यम्'** [21]

18. प्रकृतालङ्कारिकविश्वनाथकविराजमते लक्षणमिदम् -

**'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्'** [22]

उपर्युक्तविवेचनेन ज्ञायते यत् साहित्यशास्त्रस्य विभिन्नकालक्रमे विद्वद्भिः विविधप्रकारैः काव्यलक्षणमुक्तम्। कालक्रमतः काव्यलक्षणप्रसङ्गेऽपि नूतनत्वं समायातम्। मुख्यतः उद्देश्यं काव्यरचनायाः धर्मार्थकाममोक्षादिप्राप्तिरेव सर्वेषाम् अयमेवाभिप्रायः। काव्यस्यात्मा रस इति निश्चिते सति शब्दार्थावेव काव्यस्य शरीरमिति प्राक्तनैः आधुनिकैश्च विद्वद्भिः प्रोक्तमिति।

**सन्दर्भाः**

1 काव्यादर्शः

2 काव्यादर्शः - आचार्यदण्डी 1/4 (पृ.सं.-6)

3 चन्द्रालोकः - (पीयूषवर्षजयदेवविरचितः) 1/7 (पृ.सं.-5)

4 रसगङ्गाधरः - 1/1 (पृ.सं.-7)

5 काव्यालङ्कारः - (आचार्यभामहविरचितः) - 1/16

6 काव्यालङ्कारः - (आचार्यरुद्रटविरचितः) - 2/1 (पृ.-8)

7 काव्यालङ्कारसूत्रवृत्तिः - (आचार्यवामनविरचितम्) - (1/1/1-3)

8 वक्रोक्तिजीवितम् - 1/7

9 काव्यप्रकाशः प्रथमो ऽध्याये।

10 वाग्भटालङ्कारः (वाग्भट्टप्रणीतम्) - 1/2 (पृ.3)

11 एकावली - (आचार्यविद्याधरप्रणीतम्)।

12 प्रतापरुद्रीयम् (श्रीविद्यानाथप्रणीतम्) - नायकप्रकरणम् - श्लोकसं.-1 (पृ.30)

13 साहित्यसारः - (अच्युतरायप्रणीतम्)।

14 साहित्यरत्नाकरः - (आचार्यधर्मसूरिविरचितम्)।

15 कविकण्ठाभरणम् - (आचार्यक्षेमेन्द्रः)

16 सरस्वतीकण्ठाभरणम् (आचार्यभोजदेवः) - 1/2 (पृ.2)

17 अलङ्कारचन्द्रिका - (न्यायवागीशप्रणीतम्)।

18 काव्यानुशासनम् - वाग्भट्टद्वितीयः।

19 काव्यमीमांसा - राजशेखरः - षष्ठोऽध्यायः - पदवाक्यविवेकः (पृ.24)

20 ध्वन्यालोकः - आनन्दवर्धनाचार्यः।

21 काव्यानुशासनम् (आचार्यहेमचन्द्रविरचितम्) - 1/11 (पृ.सं.-11)

22 साहित्यदर्पणम् - (पृ.सं.-24)

# सूर के काव्यों में वात्सल्य रस

**नेहा शर्मा**
जयपुर

अष्टछाप के कवियों में सूरदास का स्थान सर्वोपरि है। इनका जन्म 1483 ई. के आसपास माना जाता है। सूरदास के विषय में सर्वप्रसिद्ध कथन है कि वे जन्मांध थे। सूरदास वात्सल्य और शृङ्गार के कवि हैं। भारतीय साहित्य क्या, सम्भवतः विश्व साहित्य में कोई कवि वात्सल्य के क्षेत्र में उनके समकक्ष नहीं हैं। सूर की बाल-लीला वर्णन अपनी सहजता, मनोवैज्ञानिकता एवं स्वाभाविकता में अद्वितीय है। उनका काव्य बाल-चेष्टाओं के स्वाभाविक मनोहर चित्रों का भण्डार है।

भक्ति ने भगवान का मानवीकरण कर दिया था। सूर के कृष्ण सामान्य गृहस्थ के बालक बन गए हैं, जो हठ करके आँगन में लोटने लगते हैं - **'काहे को आरि करत मेरे मोहन। यों तुम आँगन लेटी।'** यशोदा दही मथ रही थी। कृष्ण हठ करने लगे। आकर आँचल पकड़ लिया। दही भूमि पर ढुलक गया। कृष्ण सीख रहे हैं। पैर डगमगाते हैं। यशोदा हाथ पकड़कर उन्हें चलना सिखाती है - **'सिखवत चलन जशोदा मैया, अरबराय करि पानि गहावति डगमगात धरै पैयाँ।'** [1]

सूरदास ब्रजभाषा के प्रथम एवं सशक्त कवि माने जाते हैं परन्तु उनकी रचना इतनी प्रगल्भ और काव्यपूर्ण है कि आगे होने वाले कवियों की शृङ्गार और वात्सल्य सम्बन्धी उक्तियाँ सूरदास की झूठी-सी जान पड़ती है। शृङ्गार और वात्सल्य के क्षेत्र में जहाँ तक सूरदास की दृष्टि पहुँची वहाँ तक और किसी कवि की नहीं है, इसलिए सूरदास को वात्सल्य और शृङ्गार रस का सम्राट् कहा जाता है।

बालचेष्टाओं की ऐसी स्वाभाविक एवं मनोरम झांकी अन्यत्र नहीं मिलती। सूर की भक्ति पद्धति में जो माधुर्य भाव मिलता है वह मुख्य रूप से लीलाओं पर आधारित है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार - 'जैसे रामचरित गान करने वाले भक्त कवियों में गोस्वामी तुलसीदास जी का स्थान सर्वश्रेष्ठ है उसी प्रकार, कृष्णचरित गान करने वाले भक्त कवियों में महात्मा सूरदास जी का' वास्तव में ये हिन्दी काव्य गगन के सूर्य और चन्द्र हैं।[2]

वात्सल्य वर्णन के क्षेत्र में विश्व भर में सूर के समक्ष आने वाला एक भी कवि नहीं है। सूर ने बाल कृष्ण के जन्म से लेकर, उसके नामकरण, उसकी बाल सुलभ चेष्टाओं, लीलाओं, जैसे माखन दधि खाना, आँगन में स्तम्भ में अपने ही प्रतिबिम्ब को माखन खिलाना, घुटनों के बल चलना, छोटे-छोटे दो दांतों को निकालकर खिलखिलाकर हंसना, धीरे-

धीरे पैदल चलना, नाचना, बाल हठ- करना, कभी चाँद को रोटी समझकर मांगना तो कभी नई बहुरिया मांगना, दाऊ से बाल सुलभ वैर भाव रखना आदि अनेकों ऐसे चित्र खींचे हैं जो सम्पूर्ण विश्व साहित्य में अद्वितीय है। सूर ने पुत्र के साथ ही पुत्री के प्रति वात्सल्य भाव के भी अनेकों जीवन्त चित्रों की सृजना की है।

**वात्सल्य रस का शास्त्रीय स्वरूप** – भक्तों के लिए 'वात्सल्य' भक्ति का एक अँग है। काव्यशास्त्रीय दृष्टि से वात्सल्य रस का जो स्वरूप है, वही वात्सल्य भक्तिरस में स्वीकृत है। आचार्य विश्वनाथ अपने अलंकार ग्रन्थ में वात्सल्य का स्वरूप लिखते हैं -

**स्फुटं चमत्कारितया वत्सलं च रसं विदुः।**
**स्थायी वत्सलता स्नेहः पुत्राद्यालम्बनं मतम्।।**[3]

**वात्सल्य का स्थायी भाव** – रसानुभूति के मूल में स्थायी भाव माना जाता है। वात्सल्य रस का स्थायी भाव वत्सल, वत्सलता या वात्सल्य माना जाता है। कुछ लोगों ने वात्सल्य-रस का स्थायी भाव पुत्रादि विषयक रति, कारुण्य या ममकार माना है।[4]

**वात्सल्य के भेद** – आलम्बन के स्थिति भेद वात्सल्य रस के दो भेद माने जाते हैं - संयोग वात्सल्य तथा वियोग वात्सल्य।

**वात्सल्य भक्तिरस** – वात्सल्य रस का यह विवरण वात्सल्य भक्तिरस पर भी लागू हो जाता है। भगवान के बालरूप के प्रति वात्सल्य भाव ही विभाव, अनुभाव आदि के द्वारा व्यक्त होकर वात्सल्यरस का रूप ग्रहण करता है। इसमें शैशव से लेकर किशोर अवस्था तक की स्थिति होती है।

वात्सल्य और शृङ्गार के क्षेत्र में जितना उद्घाटन सूर ने अपनी बन्द आँखों से किया है, उतना किसी और कवि ने नहीं। इन क्षेत्रों का वे कोना-कोना झाँक आए।[5]

'यशोदा के वात्सल्य में वह सब कुछ है जो 'माता' शब्द को इतना महिमाशाली बनाए है।'[6]

वात्सल्य की धारा सूर के काव्य में अनवरत चलती रहती है। कृष्ण के यशोदा तक पहुँचते ही यशोदा की वात्सल्यभाव सीमा तोड़कर प्रवाहित हो गया। कृष्ण की छोटी-छोटी क्रीड़ाओं का यशोदा द्वारा अवलोकन तथा उससे आनन्द प्राप्ति करने का एक उदाहरण -

**जसोदा हरि पालनैं झुलावै।**
**हलरावै दुलरावै मल्हावै जोइ सोइ कछु गावै।**

**मेरे लाल कौं आउ निँदरिया काहें न आनि सुलावै।**
**तु काहें नहिं बेगहिं आवै तोकौं कान्ह बुलावै।**
**कबहुँ पलक हरि मूँदि लेत हैं कबहुं अधर फरकावैं।**
**सोबत जानि मौन ह्वै कै रहि करि करि सैन बतावै।**
**इहि अंतर अकुलाइ उठे हरि जसुमति मधुरैं गावै।**
**जो सुख सूर अमर मुनि दुरलभ सो नन्द भामिनि पावै।।** [7]

वात्सल्य का यह दृश्य प्रत्येक भारतीय घर का साझा दृश्य है जहाँ लोरी सुनाती हुई माताएँ अपने पुत्रों को सुलाती हैं और गाना बंद करते ही 'इहि अंतर अमुल उठे हरि जसुमति मधुरै गावै' का दृश्य आम है।

छोटे बालकों को देखकर माताओं की यह सहज इच्छा होती है कि कब उनका लाल उठकर दौड़ेगा और कब उनको माता कह कर पुकारेगा। यशोदा की इच्छा भी इससे पृथक् नहीं -

**हौं बलि जाउँ छबीले लाल की।**
**धूसर धूरि घुटुरुवनि रेंगनि बोलनि बचन रसाल की।**
**छिटकि रही चहुँ दिसि जु लटुरियाँ लटकन लटकनि भाल की।**
**मोतिनि सहित नासिका नथुनी कंठ कमल दल भाल की।**
**कछुक हाथ कछु मुख माखन लै चित्तवनि नैन बिसाल की।**
**सूरदास प्रभु प्रेम मगन भई ढिग न तजनि ब्रजबाल की।।** [8]

आचार्य शुक्ल ने सही लक्ष्य किया है कि वात्सल्य वर्णन में सूर तुलसी से आगे हैं। सूर की भक्ति है तो सख्य भाव की पर बाल्यावस्था के वर्णन में जब वात्सल्य रस का प्रवाह होता है तब सखा और सख्य का भाव तिरोहित हो जाता है। ऐसी सूक्ष्मता तभी सम्भव है जब अनुभूति और अभिव्यक्ति एकमेव होकर सामने आती है माता के पास कृष्ण काफी शिकायतें करते हैं। माता उन शिकायतों को सुनकर हँसती है -

**मैया मोहिं दाऊ बहुत खिझायो।**
**मोसों कहत मोल को लीन्हों तू जसुमति कब जायो।**
**कहा करौं इहि रिस के मारें खेलन हौं नहिं जात।**

**पुनि पुनि कहत कौन है माता को है तेरो तात।**

**गोरो नन्द जसोदा गोरी तू कत स्यामल गात।** [9]

**मैया कबहिं बढ़ैगी चोटी।**

**किती बार मोहिं दूध पियत भई यह अजहूँ है छोटी।**

**तू जो कहति बल की बेनी ज्यों ह्वैहै लांबी मोटी।**

**काढ़त गुहत न्हबावत जेहै नागिन सी भुइँ लोटी।** [10]

इसी तरह सूरदास भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अभिव्यक्त करते हैं कहते हैं। कान्हा अपनी शिकायत की सफाई देते हुए माता जसोदा से कह रहे हैं कि -

**तेरी सौं सुनु सुनु मेरी मैया।**

**आवत उबटि परयो ता ऊपर मारन कों दौरी इस गैया।**

**ब्यानी गाइ बछरुवा चाटति हौं पय पियत पतूखिनि लैया।**

**यहै देखि मोकों बिजुकानि भाजि चल्यो कहि दैया दैया।** [11]

सूरकाव्य का मुख्य विषय कृष्णभक्ति है। 'भागवत' पुराण को उपजीव्य मानकर उन्होंने राधा-कृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन 'सूरसागर' में किया है। सूर के भाव-चित्रण में वात्सल्य-भाव को श्रेष्ठतम कहा जाता है। बाल-भाव और वात्सल्य से सने मातृहृदय के प्रेम-भावों के चित्रण में सूर अपना सानी नहीं रखते। बालक की विविध चेष्टाओं और विनोदों के क्रीड़ास्थल मातृहृदय की अभिलाषाओं, उत्कण्ठाओं और भावनाओं के वर्णन में सूरदास हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ कवि ठहरते हैं। वात्सल्य-भाव के पदों की विशेषता यह है कि उनको पढ़कर पाठक जीवन की नीरस और जटिल समस्याओं को भूलकर उनमें मग्न हो जाता है।

**सूर की भक्ति पद्धति** का मेरुदण्ड पुष्टिमार्गीय भक्ति है। भगवान् की भक्त पर कृपा नाम ही पोषण है 'पोषणं तदनुग्रहः'। पोषण के भाव को स्पष्ट करने के लिए भक्ति के दो रूप बताये गये हैं ङ्क साधन रूप और साध्य रूप। साधन भक्ति में भक्त को प्रयत्न करना होता है, किन्तु साध्य रूप में भक्त सब कुछ विसर्जित करके भगवान् की शरण में अपने को छोड़ देता है। पुष्टिमार्गीय भक्ति को अपनाने के बाद प्रभु स्वयं अपने भक्त का ध्यान रखते हैं, भक्त तो अनुग्रह पर भरोसा करके शान्त बैठ जाता है। इस मार्ग में भगवान् के अनुग्रह पर ही सर्वाधिक बल दिया जाता है। भगवान् का अनुग्रह ही भक्त का कल्याण करके उसे इस लोक से मुक्त करने में सफल होता है -

**जा पर दीनानाथ ढरै।**
**सोइ कुलीन बड़ौ सुन्दर सोइ जा पर कृपा करै।**
**सूर पतित तरि जाय तनिक में जो प्रभु नेक ढरै।।**[12]

बच्चे का तुतलाना माता-पिता के हृदय को गद्गद् कर देता है। बालकृष्ण आँगन में खेलते हुए तुतलाते जाते हैं। उसे देखकर नन्द यशोदा बलि जाते हैं -

**बाल विनोद आँगन की डोलनि।**
**मनिमय भूमि नन्दकै आलय , बलि बलि जाऊँ तोतरे बोलनि।** [13]

इस प्रकार सूरदास ने अपने भक्ति के प्रसंग में अपने आराध्य को बालरूप में चित्रित किया है। इस बाल-चित्रण में वात्सल्य-रस के सभी अंगों का सशक्त चित्रण मिलता है। सूरदास ने आश्रय के रूप में नन्द, यशोदा, गोपी, भाई आदि रखे हैं। सूरदास का बालचित्रण विस्तृत होने के कारण अधिक व्यापक और विविधतापूर्ण है।

**सन्दर्भ**


1 हिन्दी साहित्य का संक्षिप्त इतिहास, पृष्ठसंख्या - 67, राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मण्डल, जयपुर, 2016

2 हिन्दी साहित्य का इतिहास - 1929

3 सूर एवं तुलसी का बाल चित्रण, पृ.सं.169,डॉ. अवन्तिका कुलकर्णी, साहित्यागार, जयपुर, 1990

4 साहित्यकोश भाग - 1

5 आचार्य शुक्ल।

6 आचार्य द्विवेदी।

7 सूरसागर, पृष्ठ संख्या -13, सम्पादक - डॉ. व्रजेश्वर वर्मा, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, प्र.सं.1988

8 सूरसागर, पद्य-93, पृष्ठ संख्या -25, सम्पादक - डॉ. व्रजेश्वर वर्मा, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, प्र.सं.1988

9 सूरसागर, पद्य-188, पृष्ठ संख्या -45, सम्पादक-डॉ. व्रजेश्वर वर्मा, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, प्र.सं.1988

10 सूरसागर, पद्य-153, पृष्ठ संख्या -38, सम्पादक - डॉ. व्रजेश्वर वर्मा, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, प्र.सं.1988

सूरसागर, पद्य-300, पृष्ठ संख्या -68, सम्पादक - डॉ. व्रजेश्वर वर्मा, ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, प्र.सं.1988

हिन्दी साहित्य का इतिहास - सगुण भक्तिकाव्य, पृ.सं.203, डॉ. नगेन्द्र, मयूर पेपरबैक्स, 33वाँ संस्करण - 2007

सूरसागर, दशम स्कन्ध 121

ISSN : 2582-6360

# विविध साहित्यिक गतिविधियाँ

















प्रकाशक : **विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान** - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org